| जिला–अलवर<br>उपलब्धियां |
| --- |
| **राजस्व विभाग** |
| भिवाड़ी में **नवीन अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय** खोला गया। |
| राजगढ़ में **राजस्व अपील अधिकारी अलवर का (कैम्प कोर्ट) न्यायालय** खोला गया। |
| मालाखेड़ा, नारायणपुर (बानसूर) एवं टपूकड़ा (तिजारा) में **नवीन उपखण्ड कार्यालय** खोले गये। |
| तहसील गोविंदगढ़ को **उपखण्ड कार्यालय में क्रमोन्नत** किया गया। |
| नारायणपुर, खैरथल, हरसौली (किशनगढ़बास), नौगावा (रामगढ़), टपूकड़ा (तिजारा), मांढण (बहरोड़), प्रतापगढ़ (थानागाजी), बाम्बोली (रामगढ़) एवं डहरा की **उप तहसील** को **तहसील कार्यालय में क्रमोन्नत** किया गया। |
| साहडोली (रामगढ़), गंडाला (बहरोड़), खेरली मंडी और कस्बा प्रतापगढ़ में **नयी उप तहसील कार्यालय** खोले गये। |
| हरसौरा (बानसूर) में **उप तहसील कार्यालय** खोले जाने की प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| खैरथल को **नवीन जिला बनाया** जायेगा। |
| **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग** |
| बहरोड़ के **उप जिला अस्पताल** को **जिला अस्पताल में क्रमोन्नत** किया गया। |
| भिवाड़ी के **उप जिला अस्पताल को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत** किये जाने की पदों सहित स्वीकृति जारी। |
| बानसूर के **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों** को **उप जिला चिकित्सालयों में क्रमोन्नत** किया गया। |
| खेरली के **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत** किये जाने की पदों सहित स्वीकृति जारी। |
| किशनगढ़बास के कस्बा खैरथल में **सेटेलाइट हॉस्पिटल** स्थापित किया गया। |
| अलावड़ा (रामगढ़), माचाडी (रैणी), हरलाना (राजगढ़), माजरी (बहरोड़), इटैडा (लक्ष्मणगढ़), कराना (बानसूर), इसरोदा (तिजारा) एवं जखराना (बहरोड़) के **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र** को **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत** किया गया। |
| उमरेण एवं गवालदा (तिजारा) के **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों** में क्रमोन्नत किये जाने की पदों सहित स्वीकृति जारी। |
| तिगांवा (कोटकासिम), साहडोली (रामगढ़), न्याणा (गोविन्दगढ़), बूढ़ी बावल (किशनगढ़ बास), ककराली एवं पूनखर में **नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले** गये। |
| जगता बसई (किशनगढ़बास), टिटपुरी, गारू, सौंख (कठूमर), नयाबास (बानसूर), झिरी (थानागाजी), मालपुर (गोविन्दगढ़) एवं रसनाली (बानसूर) में **नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र** खोले जाने की स्वीकृति जारी। |
| दुहार, चौगान (थानागाजी), बीघोता (राजगढ़), चतरपुरा (बानूसर), समरा–हम्मीरपुरा (थानागाजी), अजबपुरा (बानसूर) एवं द्वारापुर (थानागाजी) के **उप स्वास्थ्य केन्द्रों** को **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत** किया गया। |

| जिला–अलवर<br>उपलब्धियां |
|---|
| राजौरगढ़ (राजगढ़), बांटखानी (बहरोड़) एवं लगडवास (किशनगढ़बास) के **उप स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत** किये जाने की स्वीकृति जारी। |
| गोविन्दगढ़ एवं मालाखेडा नवसृजित पंचायत समिति मुख्यालयों में **ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय** खोले गये। |
| बानसूर, भिवाड़ी एवं तिजारा में **ट्रोमा सेन्टर** खोले जाने हेतु पदों के सृजन, भवन निर्माण एवं उपकरणों के क्रय की स्वीकृति जारी। |
| तिजारा में Maternal and Child Health (MCH) विंग शुरू की गई। |
| Mobile Testing Lab उपलब्ध करवाये जाने हेतु क्रयादेश जारी। |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोटकासिम में **बेड की संख्या को 30 से बढ़ाकर 50** किया जायेगा। |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, टपूकड़ा (तिजारा) में **बेड क्षमता 30 से बढ़ाकर 50** की जायेगी। |
| जिला स्तर पर Food Safety and Drug Control Office की स्थापना की जायेगी। |
| **चिकित्सा शिक्षा विभाग** |
| अलवर में **मेडिकल कॉलेज** हेतु 325 करोड रूपये की स्वीकृति जारी कर निर्माण कार्य प्रगतिरत। सत्र 2023–24 से प्रारम्भ करने हेतु 100 MBBS सीटों की एलओपी प्राप्त। |
| अलवर जिले में नये खुलने वाले मेडिकल कॉलेज हेतु 35 करोड रूपये की लागत से **100 बैड क्षमता के नवीन चिकित्सालय** के निर्माण हेतु भूमि आवंटित। निविदा अनुमोदित की जाकर एलओए जारी। |
| मेडिकल कॉलेज, अलवर में Critical Care Block स्थापित किये जाने की स्वीकृति जारी। निविदा आमंत्रित। |
| **उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग** |
| बड़ौद (बहरोड़), किशनगढ़ बास, राजगढ़, प्रतापगढ़, बहरोड़ लक्ष्मणगढ़ एवं बड़ौदा मेव में **राजकीय कन्या महाविद्यालय खोले** गये। |
| भिवाड़ी, खेरलीगंज (कठूमर), बहादुरपुर एवं नारायणपुर **में राजकीय कन्या महाविद्यालय** खोले जाने की स्वीकृति जारी। |
| राजगढ़, बहरोड़, भिवाड़ी, मालाखेड़ा, कठूमर, रामगढ़, नीमराना, टहला (थानागाजी) एवं रैणी में **नए राजकीय महाविद्यालय खोले** गये। |
| मुबारिकपुर (रामगढ़) में **राजकीय महाविद्यालय** खोले जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति स्वीकृति जारी। |
| मुण्डावर एवं तिजारा में **नवीन कृषि महाविद्यालय खोले** गये। |
| माचाड़ी (रैणी) में **कृषि महाविद्यालय** खोले जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| राजकीय महाविद्यालय तिजारा को **स्नातक से पीजी में क्रमोन्नयन** किया गया। |
| राजकीय महाविद्यालय तिजारा में **विज्ञान तथा कला संकाय (गृह विज्ञान) विषय प्रारंभ** किये गये। |
| राजकीय महाविद्यालय, राजगढ़ (अलवर) में **भूगोल व हिन्दी विषय में स्नातकोत्तर** कक्षायें प्रारंभ की गई तथा **स्नातक स्तर पर गृह विज्ञान विषय** प्रारम्भ। |

| जिला–अलवर<br>उपलब्धियां |
|---|
| **बाबा मोहन राम किसान महाविद्यालय भिवाड़ी** को राजकीय महाविद्यालय घोषित किया गया। |
| राजकीय महाविद्यालय थानागाजी में **पीजी स्तर पर केमिस्ट्री व राजनीति विज्ञान विषय प्रारंभ** किये गये। |
| **राजकीय महाविद्यालय बानसूर** का भवन निर्माण कार्य प्रगतिरत। वर्तमान में महाविद्यालय अस्थायी भवन में संचालित। |
| अलवर के राजकीय सहशिक्षा पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में Non– Engineering ब्रांच प्रारंभ करने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| जिले में Online examination सुविधायुक्त Examination Centre बनाना प्रस्तावित। |
| **आयुर्वेद विभाग** |
| समस्त ब्लॉकों पर **होम्योपैथिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध** करवाये जाने हेतु पदों सहीत स्वीकृति जारी। |
| **गृह विभाग** |
| जिले में पुलिस का एक **नया जिला भिवाड़ी कार्यालय खोला** गया। |
| कठूमर, बानसूर एवं थानागाजी में **पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय खोले** गये। |
| मालाखेड़ा **ग्रामीण थाने** को **सीआई स्तर थाने में क्रमोन्नत** किया गया। |
| बहतूकला (देवी धौलागढ़) कठूमर, वैशाली नगर एवं बासदयाल (बानसूर) में नये **पुलिस थाने खोले** गये। |
| बगड़ तिराया (रामगढ़) एवं अकबरपुर की **पुलिस चौकियों** को **पुलिस थानों में क्रमोन्नत** किया गया। |
| बहरोड़ में **सदर पुलिस थाना** खोले जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति।। |
| विजयमंदिर की **पुलिस चौकी को पुलिस थाने** में क्रमोन्नत किये जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| मुख्य बाजार (बानसूर), सिलीसेढ़, टिकरी (कठूमर), हरसोली (किशनगढ़बास), घाटा बान्दरोल, गोठड़ा (तिजारा) में **नवीन पुलिस चौकियां** खोली गई। |
| Emergency Response Support System (ERSS) के तहत आपातकालीन स्थिति में 112 नम्बर डायल करने पर एक निश्चित अल्प अवधि में मोबाईल पुलिस यूनिट घटनास्थल पर पहुँच सके, इसको और प्रभावशाली तरीके से लागू करने हेतु 142 कॉल ट्रेकर्स की सेवाये ली जा रही है। SCRB तथा DOIT द्वारा प्रोजेक्ट की मोनिट्रिंग की जा रही है। पायलट बेसिस पर 2 जिलों–**अलवर** एवं भरतपुर में प्रारम्भ। |
| जिला स्तर पर 24X7 काम करने हेतु विशेष तकनीकी योग्यता रखने वाली Quick Investigation Disposal Team गठित की गई। |
| भिवाड़ी पुलिस लाईन सहित विभिन्न स्वीकृत पुलिस इकाईयों के निर्माण कार्यों हेतु रूपये 138.35 रूपये करोड़ की स्वीकृति जारी। स्वीकृत 27 पुलिस थानों में से 6 में निर्माण कार्य प्रगतिरत, 8 में कार्यादेश जारी। |
| जिला कारागृह में पुस्तकालय की स्थापना हेतु स्वीकृति जारी। |

| जिला–अलवर<br>उपलब्धियां |
|---|
| बच्चों की देखभाल हेतु केन्द्रीय कारागृह, अलवर में क्रेच (Creche) की स्थापना हेतु स्वीकृति जारी। |
| **विधि एवं विधिक कार्य विभाग** |
| राजगढ़ एवं तिजारा में **अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** खोले गये। |
| बानसूर में सीनियर **CJ** and **ACJM कोर्ट** खोला गया। |
| कठूमर एवं भिवाड़ी में **अपर जिला एवं सैशन न्यायाल**य खोले गये। |
| थानागाजी में रेगुलर **ADJ** कोर्ट खोला गया। |
| अलवर में **वाणिज्यिक न्यायालय** खोला गया। |
| किशनगढ़ बास, थानागाजी व मुण्डावर में **वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** खोले गये। |
| अलवर में **विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट प्रकरण) न्यायालय** खोला गया। |
| नीमराणा में **मुंसिफ कोर्ट** खोला गया। |
| कठूमर में **अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायालय** खोला गया। |
| गोविन्दगढ़ में **सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** खोला गया। |
| बाल एवं यौन अपराधों के पीड़ितों एवं अन्य संवेदनशील गवाहों को सुरक्षित वातावरण में गवाही की सुविधा उपलब्ध करवाने की दृष्टि से जिले में Vulnerable Witness Deposition Centre की स्थापना हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| रामगढ़ में **वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** खोला जायेगा। |
| मालाखेड़ा एवं रामगढ़ में **अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायालय** खोले जायेंगे। |
| तिजारा में **विशेष न्यायालय (पोक्सो एक्ट)** खोला जायेगा। |
| **ऊर्जा विभाग** |
| चिकानी, नारायणपुर, प्रतापगढ़ (थानागाजी) एवं हरसौली में **सहायक अभियंता (विद्युत) कार्यालय** खोले गये। |
| कारौली में **132 केवी का एक नया जीएसएस** का कमीशन किया गया। |
| जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण एवं **अलवर** विद्युत सर्किल को विभाजित कर 6 सर्किल बनाये गये। |
| सैंथली, सिलीबावड़ी (थानागाजी), सुरेर (राजगढ़), पीपरोली (रामगढ़), परवेनी (राजगढ़) एवं माजरा ढाकोडा (बानसूर) में **33 केवी सब स्टेशन** स्थापना के कार्य प्रगतिरत। |
| मुबारिकपुर (रामगढ़) में **132 केवी जीएसएस** स्थापित किया जायेगा। |
| रघुनाथगढ़ (रामगढ़) बीघोता (राजगढ़), जामडोली (रैणी), बंजीरका (रामगढ़) में **33/11 केवी सब स्टेशन** स्थापना हेतु भूमि आवंटित। |
| बधीन (मुण्डावर) एवं परसा का बास (उमरैण) में **33/11 केवी सब स्टेशन** स्थापना की जायेगी। |

| जिला–अलवर<br>उपलब्धियां |
|---|
| **पशुपालन विभाग** |
| तिजारा के **प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय** में क्रमोन्नत किया गया। |
| हरसोली (किशनगढ़बास) एवं मांढण के **पशु चिकित्सालय** को **प्रथम श्रेणी चिकित्सालय में क्रमोन्नत** किया गया। |
| नसवारी में **पशु चिकित्सालय** खोला गया। |
| झालाटाला (लक्ष्मणगढ़) एवं पाडा (रैणी) के **पशु चिकित्सा उप केन्द्रों** को **पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत** किया गया। |
| प्रागपुरा (रैणी) के **पशु चिकित्सा उप केन्द्र को पशु चिकित्सालय** में क्रमोन्नत किये जाने की स्वीकृति जारी। |
| अल बख्स का बाग (लक्ष्मणगढ़), मिलकपुर (रामगढ़) एवं फिरोजपुर (राजगढ़) में **नवीन पशु चिकित्सा उप केन्द्र खोले** गये। |
| अलवर में **पशुपालक प्रशिक्षण केन्द्र** बनाया गया। प्रशिक्षण प्रारम्भ। |
| पशु आहार की गुणवत्ता जांच के लिए जिले में Testing Lab की स्थापना हेतु स्वीकृति जारी। निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| **कृषि एवं उद्यानिकी विभाग** |
| किशनगढबास के **राजकीय महाविद्यालय** को **कृषि महाविद्यालय में परिवर्तित** किया गया। |
| राजस्थान खाद्य प्रसंस्करण मिशन के अंतर्गत **सरसों के लिए अलवर में** processing units को 50 प्रतिशत (अधिकतम 1 करोड़ रूपये तक) का अनुदान दिये जाने हेतु राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन योजना, 2019 के अंतर्गत अधिसूचना जारी। |
| बहरोड, बानसूर, किशनगढ़बास, तिजारा एवं गोविन्दगढ़ में **नई स्वतंत्र मंडी** स्थापित। |
| जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में हाइब्रिड नेपियर घास (बहुवर्षीय चारा फसल) के exhibitions लगाये जाने हेतु दिशा–निर्देश एवं जिलेवार लक्ष्य जारी। |
| **मधुमक्खी पालन** को प्रोत्साहित करने हेतु जिले के किसानों को लाभान्वित किये जाने हेतु स्वीकृति प्राप्त। |
| रामगढ एवं अलवर (फ.स) में नई स्वतंत्र मंडी स्थापित की जायेगी। |
| मांढण (बहरोड़) में **गौण मण्डी** बनायी जायेगी। |
| रैणी में **कृषि उपज मण्डी** की स्थापना हेतु भूमि आवंटित। |
| साहडोली (रामगढ़) में **कृषि उपज मण्डी** खोली जायेगी। |
| अलवर जिले में **मिनी फूड पार्क** स्थापना हेतु भूमि आवंटित। |
| राजस्थान सूक्ष्म सिंचाई मिशन के अन्तर्गत आगामी 3 वर्षों में अलवर के over exploited भूजल ब्लॉक्स के क्षेत्र को सम्पूर्ण रूप से सूक्ष्म सिंचाई (Drip and Sprinkler) के तहत सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है। |

| जिला–अलवर<br>उपलब्धियां |
|---|
| **उद्योग विभाग** |
| RIICO के माध्यम से भिवाड़ी शहर एवं Greater Bhiwadi में विकास कार्य पूर्ण। |
| कैरवा (कोटकासिम) में **औद्योगिक क्षेत्र** की स्थापना हेतु 37.37 करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रगतिरत। |
| राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) के भिवाड़ी, नीमराणा एवं अलवर के औद्योगिक क्षेत्रों में **पर्यावरण सुधार तथा आधारभूत संरचना के विकास कार्यो** के कार्यादेश जारी। |
| खुशखेड़ा, भिवाड़ी, नीमराणा, टपूकड़ा व आसपास के नये क्षेत्र शामिल कर नयी एवं उन्नत 'Greater Bhiwadi Industrial Township' में BIDA के क्षेत्राधिकार में 321 गांवों एवं KBNIR के 43 गांवों, कुल 364 गॉवों को शामिल किया गया है। अब तक कुल 50.15 करोड़ रूपये व्यय किया गया। खातेदारों को 429.85 करोड़ रूपये मुआवजे का भुगतान। |
| औद्योगिक क्षेत्र सलारपुर को smart औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किये जाने हेतु विकास कार्य प्रगतिरत। |
| खेडली (कठुमर), बानसूर, रैणी, मालाखेडा, रामगढ़, लक्ष्मणगढ़, मुण्डावर, गोविन्दगढ़ एवं नारायणपुर में **औद्योगिक क्षेत्र** की स्थापना की जायेगी। |
| अलवर में **औद्योगिक क्षेत्र** की स्थापना हेत भूमि आवंटित। |
| Technology आधारित Industries लगाने हेतु **सलारपुर औद्योगिक क्षेत्र–ग्रेटर भिवाड़ी** में 13235.96 वर्गमीटर भूखण्ड चिन्हित। इनमें Multi Storied Industrial Complex कर IT, ITeS, Readymade Garments, Jewellery एवं सर्विस सेक्टर इकाइयों को Plug & Play Facility के साथ स्थापित किया जा सकेगा। |
| भिवाड़ी शहर व औद्योगिक क्षेत्र में **ड्रेनेज संबंधी समस्या के निवारण** हेतु डीपीआर बनाने का कार्यादेश जारी। डीपीआर का प्रारूप तैयार। |
| अलवर में **'ग्रामीण हाट'** की स्थापना की जायेगी। |
| **स्वायत्त शासन विभाग** |
| अलवर नगर परिषद को **नगर निगम में क्रमोन्नत** किया जायेगा। |
| नगर पालिका खैरथल को क्रमोन्नत किया जायेगा। |
| गोविन्दगढ, कोटकासिम, लक्ष्मणगढ़, रामगढ़, बानसूर, बड़ौदा मेव, बहादुरपुर (किशनगढ़बास), नीमराणा, बरड़ौद एवं टपुकड़ा में **नगर पालिका का गठन** किया गया है। |
| निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (Construction and Demolition Waste) के recycling व processing हेतु जिला मुख्यालय स्थित निकाय पर प्लांट्स लगाये जाने हेतु वित्तीय निविदा स्वीकृति। एलओए जारीं। |
| बहरोड़, थानागाजी तथा राजगढ़ में Faecal Sludge Treatment Plants (FSTP) स्थापित किये जाने हेतु स्वीकृति जारी। किशनगढ़बास, खैरथल, खेरली एवं तीजारा में FSTP कार्य प्रगतिरत। |
| नौगांवा (रामगढ़), रैणी (राजगढ़–लक्ष्मणगढ़), मुण्डावर, मालाखेडा, कठूमर एवं मुबारिकपुर (रामगढ़) को **नगर पालिका** बनाया जायेगा। |
| राजगढ़ LC–142 पर आरयूबी के स्थान पर **आरओबी का निर्माण** करवाया जायेगा। |

| जिला–अलवर<br>उपलब्धियां |
| --- |
| औद्योगिक इकाइयों को आगजनी की घटनाओं से बचाव हेतु केशवाना (नीमराणा) एवं खैरथल में **अग्निशमन केन्द्र** स्थापित किये जाने हेतु डीपीआर पूर्ण। |
| 25 करोड़ रुपये की लागत से बहादुरपुर में **सीवरेज लाइन का कार्य** करवाया जायेगा। |
| **कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग** |
| **भृतहरी गुम्बद**–तिजारा का संरक्षण कार्य पूर्ण। |
| अलवर संग्रहालय को **डिजिटल संग्रहालय** के रूप में विकसित किया गया। |
| **बाला किले का संरक्षण कार्य प्रगतिरत।** |
| अलवर राज्य अभिलेखागार कार्यालय में उपलब्ध **ऐतिहासिक अभिलेखों का** digitization तथा microfilming कर उन्हें ऑनलाइन किये जाने का कार्य प्रगतिरत। |
| **मूसी महारानी की छतरी में पर्यटन विकास** कार्य प्रगतिरत। **नीलकंठ में पर्यटन विकास कार्य** के कार्यादेश जारी। |
| मचाड़ी में **राजा हेमू का पेनोरमा** बनाये जाने की सहमति जारी। डीपीआर तैयार। |
| **वन विभाग** |
| 550वीं गुरूनानक जयन्ती पर **अलवर में वृक्ष वाटिका** की स्थापना की गई। |
| इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2022–23 में **चूहड़ सिद्ध घाटी के वन क्षेत्र** तथा समीप के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए 2 करोड़ रुपये की लागत से **इको–टूरिज्म लव–कुश** वाटिका विकसित किये जाने का कार्य प्रगतिरत। |
| इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023–24 में भी **मचाड़ी–अलवर** में वन क्षेत्र तथा समीप के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए 2 करोड़ रूपये की लागत से **लव–कुश वाटिका** विकसित किये जाने का कार्य प्रगतिरत। |
| युवाओं को वन क्षेत्रों में हाइकिंग, ट्रेकिंग, कैम्पिंग एवं अन्य रोमांचकारी गतिविधियों से जोड़ने के लिए चूहड़सिद्ध–अलवर में कार्य करवाये जाने की स्वीकृति जारी। |
| Rajasthan Greening and Rewilding Mission के तहत बाघों (Tigers) को बेहतर इको सिस्टम उपलब्ध कराने के लिए **टाईगर रिजर्व सरिस्का** एवं आस–पास के क्षेत्रों जैसे बीड़ दौलतपुरा एवं रूंधशाहपुर में कार्य करवाये जायेंगे। |
| राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना (RFBDP) के अन्तर्गत अलवर जिलें में वृक्षारोपण, ओरण विकास, पोध वितरण, आजीविका संवर्द्धन गतिविधियों सहित अन्य कार्य करवाये जाने हेतु बजट प्रावधान एवं परियोजना अनुबन्ध किया गया। |
| मूंगस्का, भूगोर तथा करधनी–अलवर के आस–पास वन क्षेत्रों का विकास कर आम जनता के लिए खोले जायेंगे। |
| जिला मुख्यालय स्थित नगरीय निकायों में सुविधायुक्त **सिटी पार्क** बनाये जाने के साथ–साथ मौजूदा शहरी वन क्षेत्रों में सुधार व विकास हेतु विभिन्न कार्य करवाये जायेंगे। |

| जिला–अलवर<br>उपलब्धियां |
|---|
| **खेल एवं युवा मामलात विभाग** |
| भिवाड़ी में **स्टेडियम** एवं बानसूर, किशनगढ़बास, तिजारा कठूमर, थानागाजी व कोटकासिम (किशनगढ़ बास) में **खेल स्टेडियम** बनवाये जाने की स्वीकृति जारी। उमरैण में **खेल स्टेडियम** बनवाये जाने का कार्य प्रगतिरत। |
| जिले स्टेडियम में Open Gym स्थापित किए जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| चांदोली (उमरैण) में **खेल स्टेडियम** निर्माण एवं विकास कार्य करवाये जायेंगे। |
| विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए जिला मुख्यालय पर 100 आवासीय क्षमता का **'विवेकानन्द यूथ हॉस्टल'** बनाया जायेगा। |
| **कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग** |
| मांडण (बहरोड़) में **आईटीआई** एवं कठूमर में आईटीआई–स्किल सेंटर की स्थापना हेतु भूमि आवंटित। इनके संचालन हेतु पदों की स्वीकृति जारी। |
| जिला मुख्यालय पर संचालित ITIs में Solar Technician ट्रेड प्रारम्भ किये जाने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| महिला ITI–अलवर में इलेक्ट्रिक ट्रेड शुरू किये जाने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| ITI–अलवर में **मैकेनिक व प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर के ट्रेड** प्रारम्भ किये जाने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| ITI–भिवाड़ी में **रेफ्रिजरेशन व एयरकण्डीशनर टेक्नीशियन एवं टर्नर के ट्रेड** प्रारम्भ किये जाने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| साहडोली (रामगढ़), उमरैण एवं हरसोली (किशनगढ़ बास) में **नवीन आईटीआई** खोले जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| भिवाड़ी एवं जिला मुख्यालय के एक ITI को 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जायेगा। |
| **पर्यटन विभाग** |
| जिले में पर्यटन विकास के लिये सरिस्का टाईगर रिजर्व एवं बाबा मोहन राम, भिवाड़ी पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर जन सुविधा संबंधी विकास कार्य प्रगतिरत। |
| RTDC की हैरिटेज संपत्ति लेक पैलेस सिलीसेढ़ के जीर्णोद्धार, संरक्षण एवं विकास कार्य प्रगतिरत। |
| Midway इकाई बहरोड हेतु वित्तीय स्वीकृति जारी। अलवर टाईगर डैम सरिस्का के जीर्णोद्धार कार्य प्रगतिरत। |
| प्रमुख जैन तीर्थस्थल **तिजारा–अलवर** के धार्मिक पर्यटन सर्किट बनाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| **मचाडी किला, रानी का कुआं एवं बराही माता मंदिर** में संरक्षण व जीर्णोद्धार कार्य करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| बानसूर के किले में स्थित माता के मंदिर व तालवृक्ष में स्थित गंगा माँ के मंदिर परिसर में विभिन्न विकास कार्य के साथ ही जन सुविधायें विकसित किये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| भानगढ़–अलवर को विकसित करने तथा मुख्य पर्यटक स्थलों से जोड़ने के लिए Luxury Tourist वाहनों का संचालन किये जाने हेतु RTDC द्वारा निविदा कार्यवाही पूर्ण। |

| जिला–अलवर<br>उपलब्धियां |
| --- |
| 5 करोड़ रूपये की लागत से **भृर्तहरि धाम पर अमर गंगा नाले का जीर्णोद्धार** व अन्य विकास कार्य करवाये जायेंगे। |
| **विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग** |
| विज्ञान को Night Sky Astro Tourism के माध्यम से आम जन से जोड़ने एवं इसके प्रचार हेतु उच्च स्तरीय रिज्योल्यूशन के टेलिस्कोप स्थापित किये जायेंगे। |
| **नागरिक उड्यन विभाग** |
| भिवाड़ी के पास स्थित कोटकासिम हवाई पट्टी को विकसित किया जायेगा। |
| **परिवहन विभाग** |
| प्रसिद्ध मेले **भर्तृहरि/पाण्डूपोल–अलवर** में सम्मिलित होने वाले यात्रियों को रोडवेज की साधारण एवं एक्सप्रेस बसों के किराये में छूट को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया। |
| जिला स्तर पर Road Safety Task Force का गठन किया गया। |
| बानसूर में **नवीन बस डिपो** बनाये जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| बहरोड़ में **रोडवेज बस स्टैण्ड** बनाया जायेगा। |
| **नगरीय विकास विभाग** |
| वैशाली नगर से एमआईए तक 4 लेन सड़क निर्माण हेतु कार्यादेश जारी। डब्लूबीएम सड़क पूर्ण होने के पश्चात सड़क के साथ नाला निर्माण एवं डामरीकरण कार्य प्रारम्भ। हीराबास की मोरी से 200 फीट बाईपास तक नाला निर्माण कार्य प्रगतिरत। शालीमार योजना में सीवर लाइन एवं STP निर्माण कार्य करवाया जावेगा। रूपबास आरओबी से हनुमान सर्किल तक नाला निर्माण कार्य अलवर शहर की सम्पूर्ण ड्रेनेज की प्रस्तावित comprehensive डीपीआर में सम्मिलित किया जाकर आवश्यकता अनुसार कार्य करवाया जावेगा। |
| 40 करोड रूपये की लागत से अलवर में कम्पनी बाग में **मन्नी का बड़ के पास बेसमेंट पार्किंग निर्माण** कार्य हेतु डीपीआर के कार्यादेश जारी। |
| अलवर शहर के समग्र विकास हेतु **स्मार्ट सिटी योजना** लागू की जायेगी। |
| **संस्कृत शिक्षा विभाग** |
| कंगालहाथा (उमरैण), भोपाबास–केसरोली (रामगढ़), भीखाहेडी खेड़ा मंगलसिंह (लक्ष्मणगढ़), किशोरी (थानागाजी), राबड़ियों की ढ़ाणी (किशनगढ़ बास) के **राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालयों** को **राजकीय प्रवेशिका विद्यालयों** में क्रमोन्नत किया गया। |
| **राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय** कोटकासिम को **आचार्य स्तर** पर राजकीय दर्जा दिये जाने की स्वीकृति जारी। |
| अलवर में **वेद विद्यालय** खोला जायेगा। |
| **स्कूल शिक्षा विभाग** |
| गोविन्दगढ़ एवं मालाखेडा नवसृजित पंचायत समिति मुख्यालयों पर **मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय** खोले गये। |
| राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंगारी, किशोरी–थानागाजी एवं तिलवाड़ा– राजगढ़ में **नवीन विज्ञान संकाय** खोला गया। |

| जिला–अलवर<br>उपलब्धियां |
| --- |
| कोचिंग के अलावा अच्छे माहौल में अध्ययन की सुविधा हेतु जिला पुस्तकालय में **सावित्री बाई फूले वाचनालय की स्थापना** की गई। |
| समस्त **ब्लॉक मुख्यालयों पर सावित्री बाई फूले वाचनालय** मय digital library स्थापित किये जायेंगे। |
| **शान्ति एवं अहिंसा विभाग** |
| ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पंचायत/वार्ड स्तर पर **महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केन्द्र** स्थापित किये जायेंगे। |
| **सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग** |
| Wildlife Surveillance परियोजना के अंतर्गत वन्यजीव प्रजातियों की रक्षा व संरक्षण हेतु **सरिस्का** में संरक्षित स्थानों (Conserved Areas) का चयन कर वित्तीय निविदा खोली। |
| सरिस्का वन क्षेत्र में Wildlife Surveillance and Anti-Poaching System (WS & APS) का मजबूत किये जाने के लिए स्वीकृति प्राप्त। प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया प्रारम्भ। |
| **वित्त विभाग** |
| निवेश की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र नीमराना, भिवाड़ी, अलवर आदि की भूमियों, विशेषकर ग्रुप हाउसिंग योजनाओं की डीएलसी दरों में वर्षों से व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के संबंध में अधिसूचना जारी। |
| जिला मुख्यालय पर सप्ताह के सातों दिन पंजीयन कराने की सुविधा के आदेश जारी। |
| दस्तावेजों के पंजीयन की व्यवस्था को विकेन्द्रीकृत करते हुए निजी क्षेत्र की भागीदारी से पासपोर्ट कार्यालयों की तर्ज पर **भिवाड़ी में मॉडल उप–पंजीयक कार्यालय** खोले जाने ऑनलाईन बिड खोली गई। |
| **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** |
| मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह योजना के अंतर्गत जिले में 75 क्षमता के **पुनर्वास गृह** का चयनित संस्था के माध्यम से संचालन हेतु आदेश जारी। किराये के भवन में संचालित। भूमि आवंटित। निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| मुण्डावर तथा नारायणपुर (थानागाजी) में **राजकीय अम्बेडकर छात्रावास का भवन निर्माण** कार्य प्रगतिरत। किराये के भवन में संचालित। |
| हींसला (थानागाजी) में **अनुसूचित जाति छात्रावास भवन निर्माण** हेतु स्वीकृति जारी। भूमि आवंटित। किराये के भवन में संचालित। |
| नारायणपुर (बानसूर) में **छात्रावास** खोले जाने हेतु निर्माण के कार्यादेश जारी। |
| मालाखेड़ा में **सावित्री बाई फूले कन्या छात्रावास** खोले जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| उमरेण में **देवनारायण बालक छात्रावास** खोला जायेगा। |
| कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से उनके रहने की सुविधा हेतु जिला मुख्यालय पर 50 महिलाओं के लिए 'Indira Gandhi Working Women Hostel' बनाये जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| जिले में राजकीय मानसिक विमंदित, मूक, बधिर, नेत्रहीन श्रेणी का विशेष योग्यजन विद्यालय खोला जायेगा। |

| जिला–अलवर<br>उपलब्धियां |
|---|
| **अल्पसंख्यक मामलात विभाग** |
| सहजपुर (रामगढ) में **राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास** का संचालन प्रारंभ कर 28 छात्राओं को प्रवेश दिया जा चुका है। |
| रामगढ़ एवं तिजारा में **राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय** का निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| राज्य के अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु अलवर में 9 उप स्वास्थ्य केन्द्र तथा 1 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण करवाये जायेंगे। 4 **उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों का** निर्माण कार्य पूर्ण एवं 04 में कार्य प्रगतिरत। |
| हरसाना–लक्ष्मणगढ एवं अलवर में **अल्पसंख्यक बालक छात्रावास भवन** निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| रामगढ़ में **अल्पसंख्यक बालिका आवासीय विद्यालय** खोला जायेगा। |
| **पंचायती राज विभाग** |
| भनोखर (कठूमर) को **पंचायत समिति** बनायी गई। |
| साहडोली तथा नारायणपुर (बानसूर) को **पंचायत समिति** बनाया जायेगा। |
| **सामान्य प्रशासन विभाग** |
| भिवाड़ी में **मिनी सचिवालय** की स्थापना भूमि आवंटित। |
| **पर्यावरण विभाग** |
| पर्यावरण संरक्षण मिशन के तहत जिले में वायु प्रदूषण कम करने के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था हेतु अनमोदन प्राप्त। |
| **जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग** |
| कठूमर में **नवीन अधिशाषी अभियंता (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) कार्यालय** खोला गया। |
| भिवाड़ी (तिजारा), नारायणपुर एवं मालाखेड़ा में **सहायक अभियंता (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) कार्यालय** खोला गया। |
| बानसूर में अधिशाषी अभियंता (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) कार्यालय खोला गया। |
| नवगठित नगरपालिका थानागाजी में ग्रामीण जलप्रदाय योजना को शहरी जलप्रदाय योजना में क्रमोन्नत किया जाकर पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु 23.33 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी। निविदा आमंत्रित। |
| प्रतापगढ़ (थानागाजी) में सहायक अभियंता (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) कार्यालय खोला जायेंगा। |
| ईसरदा बांध परियोजना के द्वितीय चरण के रूप में **अलवर जिले की उमरेण, रैणी, बानसूर, थानागाजी, राजगढ़, कठूमर एवं लक्ष्मणगढ़** ब्लॉक के 4 कस्बों एवं 1 हजार 61 गांवों को सतही पेयजल उपलब्ध कराने हेतु डीपीआर का कार्य प्रगतिरत। |
| 5 हजार 766 करोड़ रूपये की लागत से चम्बल–अलवर–भरतपुर पेयजल परियोजना–अलवर, भरतपुर वृहद् पेयजल योजना प्रारम्भ की जायेगी। |
| **सार्वजनिक निर्माण विभाग** |
| कठूमर एवं रामगढ़ में **अधिशाषी अभियंता (सार्वजनिक निर्माण विभाग)** कार्यालय खोले गये। |
| नारायणपुर (बानसूर) में **अधिशाषी अभियंता (सार्वजनिक निर्माण विभाग)** कार्यालय खोला गया। |

| जिला—अलवर<br>उपलब्धियां |
| --- |
| 16.31 करोड रूपये की लागत से 13 किलोमीटर की लम्बाई में अलवर जिले में गुढाकिशोरी सिद्ध का तिबारा छिरी नटाटा सड़क (स्टेट हाईवे—55) (थानागाजी) का कार्य पूर्ण। |
| 14.59 करोड़ रुपये की लागत से 10.50 किमी. की लम्बाई में SH-52 ज्ञानपुरा सीकर सीमा तक वाया कराना—राजनोता—रघुनाथपुरा (बानसूर) सड़क के मेजर रिपेयर कार्य पूर्ण। |
| 14.26 करोड रूपये की लागत से 22 किलोमीटर की लम्बाई में रोहरा से बारा भदकोल सड़क वाया रानी माचडी सड़क (एमडीआर—151) (राजगढ़—लक्ष्मणगढ़) कार्य पूर्ण। |
| 14.25 करोड़ रूपए व्यय कर 33 किमी लम्बाई में किशनगढ़—कोटकासिम—बोलनी राज्य सीमा तक (किशनगढ़बास) सड़क के मेजर रिपेयर कार्य कार्य पूर्ण। |
| 9.78 करोड रूपये की लागत से 13 किलोमिटर की लम्बाई मेंएमडीआर—138 से स्टेट हाईवे—14 (गोपीपुरा) से जसई हरियाणा बार्डर तक वाया उलाहेडी नांगल उदिया बीजवाड चौहान (मुंडावर) सडक कार्य पूर्ण। |
| 9 करोड़ रुपये की लागत से 7 किमी लम्बाई में स्टेट हाईवे पुनरूद्धार एवं मरम्मत—रामगढ़ से गोविन्दगढ़ हाईवे (रामगढ़—अलवर) कार्य पूर्ण। |
| 8.94 करोड रूपये की लागत से 18 किलोमीटर की लम्बाई में टहला राजगढ़ गढ़ी सवाईराम सड़क (स्टेट हाईवे—25 ए) (थानागाजी) कार्य पूर्ण। |
| 6.70 करोड़ रुपये की लागत से 8 किमी लम्बाई में टोड़ी लुहारान से वाया थानागाजी किशोरी (अलवर) तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण। |
| 5.12 करोड़ रूपए व्यय कर 10 किलोमीटर की लम्बाई में कोटकासिम टपूकड़ा हरियाणा बार्डर सड़क (स्टेट हाईवे—108) (तिजारा) कार्य कार्य पूर्ण। |
| 4.50 करोड़ रुपये की लागत से 8.50 किमी लम्बाई में खोदरीबा से टोडा जयसिंहपुरा आसन रेडिया upto गुडा कटला सड़क (थानागाजी) सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ाईकरण का कार्य पूर्ण। |
| 3 करोड़ रुपये की लागत से 6 किमी लम्बाई में मानवास से लॉज डोईवाली (नारायणपुर—अलवर) सड़क कार्य पूर्ण। |
| 1.75 करोड़ रुपये की लागत से 4 किमी लम्बाई में खरखड़ी से ढाणी खटिकान से बुर्जा की आखिरी ढाणी (नारायणपुर—अलवर) सड़क कार्य पूर्ण। |
| 1.70 करोड़ रुपये की लागत से बुर्ज ग्राम पंचायत से बागडियों की ढाणी होते हुए नीमूचाना रोड (बानसूर, अलवर) (5 किमी.) सडक निर्माण करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 1.40 करोड़ रुपये कीलागत से 3.50 किमी लम्बाई में ठेकला की ढाणी से बाढ़ वाला की ढाणी तक होते हुए स्टेट हाईवे 52 तक (थानागाजी—अलवर) सड़क कार्य पूर्ण। |
| 1.20 करोड़ रूपये की लागत से 3 किमी लम्बाई में अलवर—बहरोड़ सड़क एसएच—14 से जागूवास (अलवर) का कार्य पूर्ण। |
| 1 करोड़ रूपये की लागत से 3.90 किमी लम्बाई में बरडोद से जलालपुर सड़क (अलवर) का कार्य पूर्ण। |
| 60 लाख रुपये व्यय कर 1 किमी लम्बाई में स्टेट हाईवे 52 से पडाक छापली तक सड़क (थानागाजी—अलवर) कार्य पूर्ण। |

| जिला–अलवर<br>उपलब्धियां |
|---|
| 30 लाख रूपये की लागत से 0.70 किमी लम्बाई में महाराजवास से कोहराना सड़क (बहरोड–अलवर) कार्य पूर्ण। |
| 108 करोड़ रूपये की लागत से 124.50 किलोमीटर लम्बाई में निम्न 3 महत्वपूर्ण सड़कों के मेजर रिपेयर एवं उन्नयन कार्य प्रगतिरतः–<br>मालाखेड़ा से हल्दीना–नैथला–जातपुर–मीणापुरा–MIA (अलवर ग्रामीण/रामगढ़)<br>अजरका–सोडावास–मुण्डावर–बीबीरानी सड़क (मुण्डावर/किशनगढ़बास)<br>मंडावरा स्टैण्ड से नारायणपुर–थानागाजी–घाटा बांदरोल सड़क (थानागाजी/बानसूर) |
| 100.18 करोड़ रुपये की लागत से नटनी का बाड़ा–मालाखेड़ा (अलवर)–मौजपुर (SH–44) राज्य राजमार्ग के विकास कार्य प्रगतिरत। |
| 35 करोड़ रूपये की लागत से अलवर में क्षतिग्रस्त स्टेट हाइवे 35 महुवा–मंडावर–गढ़ी सवाईराम–लक्ष्मणगढ़–गोविन्दगढ़ का सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रगतिरत। |
| 21.10 करोड़ रुपये की लागत से 28 किमी लम्बाई में महंगी भावनी रोड से नटाटा–जैतपुर–चौकीवालाकालैड–टिगरिया–मोरडी का घाटा–जोगियों की ढ़ाणी– बामनवास चौगान तक सड़क (थानागाजी–अलवर) कार्य प्रगतिरत। |
| 15.50 करोड़ रुपये की लागत से 18 किमी लम्बाई में ऊंटोली–कोहराना–जखराना–जटगांवड़ा–नायसराना–अकलीमपुर हरियाणा सीमा (अलवर) तक सड़क निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| 12 करोड़ रुपये की लागत से 12 किमी लम्बाई में एनएच–8 से जैनपुरबास पहाड़ी अपटू बबेडी तक क्षतिग्रस्त सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य प्रगतिरत। |
| 8.40 करोड़ रुपये की लागत से 14 किमी लम्बाई में अलवर–जयपुर सड़क से सिलीसेड–घरभाजी सड़क (उमरेण) के मेजर रिपेयर कार्य प्रगतिरत। |
| 243 करोड़ रूपये की लागत से 210 किलोमीटर लम्बाई में निम्न 5 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन कार्य की स्वीकृति जारीः–<br>केशवपुरा फाटक–प्रागपुरा– कीलपुरखेडा– डेरा– टहटडा– माचाडी– पिनान मौजपुर शहदका–बूंटोली–शीतल (64 किमी.) (रैणी. लक्ष्मणगढ़)<br>पापडी स्टैण्ड से दोहडा–शेखपुर–मुबारिकपुर–बीजवा– अलावडा–सिंगराका– खेड़ा महमूद–सैमला खुर्द जिला सीमा तक (66.50 किमी) (किशनगढ़बास, रामगढ़, गोविन्दगढ़)<br>एम.आई.ए. खेडली सैयद–निठारी–चौमू–बिलन्दी, सताना– बहाली मेगा हाईवे (28.50 किमी) (उमरैण, मालाखेड़ा)<br>महनपुर नॉगलबानी–कोटपूतली सीमा–ईशरा का बास माजराढाकोडा (36.10 किमी) (बानसूर) निविदा प्राप्त।<br>कठूमर से कुम्हेर वाया सॉंख–कुरवारा–बरतई–पिचूमर (14 किमी.) (कठूमर) |
| 62.86 करोड़ रुपये की लागत से अलवर सिटी में एलसी 111ए पर चार लेन आरओबी का निर्माण कार्य करवाया जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 56.25 करोड़ रुपये की लागत से बम्बोरा (किशनगढ़ बास)–नौगांव राज्य राजमार्ग के विकास कार्य हेतु स्वीकृति जारी। |

| जिला–अलवर<br>उपलब्धियां |
| --- |
| 50 करोड़ रुपये की लागत से किशनगढ़ बास–खैरथल–कोटपुतली पर रेलवे क्रॉसिंग पर पुलिया निर्माण (आरओबी) (किशनगढ़ बास, अलवर) कार्य की स्वीकृति जारी। |
| 44.43 करोड़ रुपये की लागत से पहाड़ी–नगर–खेड़ली–छोंकरवाड़ा सड़क (एसएच 22) में एलसी 67 पर खेड़ली गांव के पास आरओबी का निर्माण (अलवर) करवाया जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 36.31 करोड़ रुपये की लागत से सोडावास–मुण्डावर–कोटकासिम सडक (एसएच 86) में एलसी 86 हरसोली में आरओबी का निर्माण (अलवर) कार्य की स्वीकृति जारी। |
| 25 करोड़ रूपये की लागत से महंगी सीमा से लोठावास–संज्यानाथ महाराज होते हुए पलासाना–मुख्य दौसा रोड–चांदपुरा–मान्डयाला की ढाणी–जादूपुरा–पतालिया की ढाणी से हरियाणा ब्राह्मण की ढाणी–गली का गुवाडा होते हुए गुर्जरों की ढाणी– पाटरोलो का बास से अजबगढ़ रोड तक (26.5 किमी.) (थानागाजी, अलवर) सडक निर्माण एवं सुदृढीकरण कार्य की स्वीकृति जारी। |
| 22 करोड़ रूपये की लागत से घासेली स्टैण्ड से तिजारा वाया मुसाखेड़ा तीतरका (19 किमी.) (किशनगढ़बास, अलवर) सडक का निर्माण एवं सुदृढीकरण कार्य की स्वीकृति जारी। |
| 17 करोड़ रूपये की लागत से टपूकड़ा से चौपानकी वाया झिवाना (7 किमी.) (तिजारा, अलवर) सडक का निर्माण एवं सुदृढीकरण कार्य की स्वीकृति जारी। |
| 15 करोड़ रुपये की लागत से 37.50 किलोमीटर लम्बाई में नारायणपुर रोड से बामनवास रोड तक (बानसूर, अलवर) के निर्माण एवं उन्नयन कार्य की स्वीकृति जारी। |
| 12 करोड़ रुपये की लागत से गादोज–बहरोड़–माजरी–काठूवास–रामचन्द्रपुरा हरियाणा सीमा तक (12 किमी.) (बहरोड़, अलवर) सडक के निर्माण एवं उन्नयन कार्य की स्वीकृति जारी। |
| 10.40 करोड़ रूपये की लागत से राजगढ़–थाना–धमरेड–अनावड़ा–नयागांव प्रतापपुरा–बालेटा रोड (13 किमी.) (अलवर) निर्माण एवं सुदृढीकरण कार्य की स्वीकृति जारी। |
| 10 करोड़ रूपये की लागत से तिजारा में अहिंसा सर्किल से बस स्टैण्ड/तिराहा सड़क मार्ग का नवीनीकरण व इंटरलॉकिंग टाइल्स मय नाला निर्माण (2.10 किमी) हेतु स्वीकृति जारी। |
| 8.40 करोड़ रुपये की लागत से दौसा टहला रोड एस.एच. 29–ए से धीरोडा–सीतापुरा–पीपलीवाली ढाणी–दामोदर का बास–बिरकड़ी–बैरवा ढाणी– पीलवा नदी की ओर जिला सीमा तक (12 किमी.) (थानागाजी, अलवर) सडक के निर्माण एवं उन्नयन कार्य की स्वीकृति जारी। |
| 8 करोड़ रूपये की लागत से नटनी का बारा से देवनारायण मंदिर तक सड़क मय पुलिया (अलवर) का निर्माण कार्य की स्वीकृति जारी। |
| काठूवास (नीमराणा) में फुट ओवरब्रिज के निर्माण के लिए 6.50 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी। |
| 6 करोड़ रुपये की लागत से अलवर ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न नॉन पेचेबल सड़कों के कार्य (अलवर) (15 किमी.) करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 4 करोड़ रुपये की लागत से खेरली से सायपुर तक (5 किमी.) (कठूमर, अलवर) सडक के निर्माण एवं उन्नयन कार्य की स्वीकृति जारी। |

| **जिला–अलवर<br>उपलब्धियां** |
|---|
| 3.20 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से बुबकाहेड़ा से ग्वाल्दा वाया निम्बाहेड़ी उबाराका (तिजारा, अलवर) (7 किमी.) सडक निर्माण करवाये जाने की स्वीकृति जारी। |
| 50 करोड़ रूपये की लागत से भिवाड़ी टोल से टपूकड़ा तक 6 लेन सड़क मय नाला निर्माण (10 किमी. ) (भिवाड़ी, अलवर) कार्य करवाये जाने हेतु डीपीआर रिडकोर द्वारा तैयार। |
| 8 करोड़ रुपये की लागत से बगड़ तिराहा अलवर से शीथल तक (12 किमी.) (अलवर) सड़क के निर्माण एवं उन्नयन कार्य करवाये जायेंगे। |
| **जल संसाधन विभाग** |
| सिंचाई सुविधाओं के विकास के लिए जिलें में **घाट पिक अप वियर नहर** का पुर्नरुद्वार कार्य 2.66 करोड़ रुपये व्यय कर पूर्ण। |
| बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना (DRIP) के अंतर्गत **सिलीबैरी (उमरेण)** के **जीर्णोद्वार संबंधी कार्य** करवाये जायेंगे। |
| **महिला एवं बाल विकास विभाग** |
| गोविन्दगढ़ एवं मालाखेडा नवसृजित पंचायत समिति मुख्यालयों पर **बाल विकास परियोजना कार्यालय** खोले गये। |